हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 31 जुलाई 2025

04 दूसरे दिन भी बेतवा नदी रही उफान पर यातायात...



08 करोड़ों की सड़क पर बने जानलेवा गहरे गड्ढे, वाहन...





## खबर संक्षेप

### कृषि स्थाई समिति की बैठक आज होगी

**विदिशा।** जिला पंचायत की कृषि स्थायी समिति की बैठक आज गुरूवार को जिला पंचायत के सभागार में दोपहर 2 बजे से शुरू होगी। जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं और प्रक्रिया की समीक्षा की जाएगी।

### प्रेमचंद जयंती पर व्याख्यान आज

**विदिशा।** पं गंगा प्रसाद पाठक ललित कला न्यास द्वारा उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर आज हिन्दी एवं आधुनिक भाषा विभाग इलाहाबाद के प्रोफेसर संतोष भदौरिया का प्रेमचंद की भारत संकल्पना विषय पर व्याख्यान होगा। शासकीय कन्या महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक अस्मुरारी नंदन मिश्र विषय की प्रस्तावना रखेंगे। न्यास के अध्यक्ष साहित्यकार डॉक्टर विजय बहादुर सिंह की अध्यक्षता में यह संगोष्ठी अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट में शाम 7. 30 से होगी। भारी बारिश के कारण 31 जुलाई तुलसी जयंती की प्रतियोगताओं को निरस्त कर अब तुलसी जयंती सप्ताहिक प्रतियोगिताएं 1 अगस्त से नियमित की जाएगी।

### तुलसीदास जी का जयंती महोत्सव आज

**विदिशा।** किरी मोहल्ला स्थित रघुनाथ जी के मन्दिर में श्रावण शुक्ल सप्तमी गुरूवार को रात 8 बजे से धर्मसंघ के अध्यक्ष शिक्षाविद् पूर्व-प्राचार्य कैलाश नारायण शर्मा की अध्यक्षता एवं धर्माधिकारी गिरधर गोविंद प्रसाद शास्त्री के मुख्यातिथ्य एवं पुरातत्वविद-वरिष्ठ अधिवक्ता गोविन्द देवलिया के विशिष्ट अतिथ्य में संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती महोत्सव आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के संयोजक पं. बालकृष्ण शर्मा, अशोक अग्रवाल एवं डॉ. कपिल चतुर्वेदी शास्त्री ने धार्मिक जनता से जयंती महोत्सव में शामिल होने की अपील की गई है।

### एरियर और सातवें वेतनमान की पांचवीं किस्त भुगतान की मांग

**विदिशा।** प्रांतीय शिक्षक संघ मध्य प्रदेश ने जिले के अधिकारियों से अध्यापक संवर्ग को लंबित वित्तीय लाभ दिलाने की मांग की है। संगठन ने बताया कि अध्यापक संवर्ग के क्रमोन्नति वेतनमान के आदेश जुलाई 2024 में जारी हुए थे, लेकिन आदेश जारी हुए एक वर्ष बीत जाने के बाद भी एरियर का भुगतान नहीं हो सका है। इससे हजारों अध्यापक आर्थिक असुविधा का सामना कर रहे हैं। संगठन ने यह भी बताया कि सातवें वेतनमान की पांचवीं किस्त का भुगतान मई 2024 में होना था, किंतु अब तक कई तहसीलों में यह किस्त नहीं मिली है। शिक्षक लंबे समय से इन वित्तीय देयों के भुगतान की प्रतीक्षा कर रहे हैं और कई बार ज्ञापन देने के बावजूद उन्हें निराशा ही हाथ लगी है।

### मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जेल का निरीक्षण किया

**विदिशा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश एवं जिला न्यायाधीश जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में मंगलवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रमाकांत भारके, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितेन्द्र सिंह तोमर एवं प्रधान न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्ड शिवांगी श्रीवास्तव ने जिला जेल का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बंदियों के स्वास्थ्य, विधिक सहायता एवं अधिवक्ताओं की उपलब्धता की समीक्षा की गई। जिन बंदियों के अधिवक्ता नहीं हैं, उनके लिए आवेदन विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजने के निर्देश दिए गए। सचिव तोमर ने हाल ही में बने बीसी रूम, मंच व अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच की। किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान न्यायाधीश ने 18 वर्ष से कम आयु के बंदियों की स्थिति व दस्तावेजों की जांच की। विधिक जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया गया।

## रंगई के पुराने पुल पर उग आए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बेतवा नदी पर रंगई पर बना पुराना पुल बारिश में और भी जर्जर हो गया है। पुल के दोनों तरफ साइडों में पौधे उग आए हैं, जो बारिश में और भी बड़े हो गए हैं और पुल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। करीब 170 साल पुराना यह पुल अब भी खड़ा हुआ है जो दो कौड़ी के जुर्माने के एवज में बनाया गया था। हमारे लिये धरोहर इसलिये है कि इसे बनवाने में अंग्रेजों ने या किसी अन्य ने धन खर्च नहीं किया था। इसे विदिशा शहर के एक व्यक्ति द्वारा बनवाया गया था।

शहरवासियों ने इस पुल का जीर्णोद्धार कर इस स्मारक के रूप में संरक्षित करने की मांग की है। इस पुल से आवागमन अब पूरी तर तरह से बंद कर दिया गया है। यह पुल शहर की विरासत है इसे सहेजने सरंक्षित करने की जगह नया पुल बनते हुए पुल के दोनों तरफ छोर तोड़ दिये गये।



विदिशा। बेतवा नदी के रंगई घाट पर बना शहर का सबसे प्राचीन पुल जो आज तक कभी बाढ़ या नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण नहीं डूबा। इस प्राचीन पुल का जीर्णोद्धार कर संरक्षित करने की मांग की जा रही है।

### स्कूलों में आज भी रहेगा अवकाश, बेतवा के आसपास के क्षेत्र तक पहुंचा पानी

# बेतवा खतरे के निशान से 4 फीट नीचे दूसरे दिन भी सड़कों पर भरा रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मंगलवार को जहां दिनभर हुई बारिश से पूरे शहर में जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया था। वहीं बुधवार को दिनभर बारिश थमी रहीं, लेकिन कई क्षेत्रों में अब भी पानी भरा हुआ है और नालियों का पानी सड़कों पर बह रहा है।

लगातार हो रही बारिश के कारण बेतवा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। भोपाल और रायसेन में हो रही भारी वर्षा के चलते नदी इस समय खतरे के निशान से महज 4 फीट नीचे बह रही है। जिससे जिले में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। बेतवा नदी के छोटे पुल पर पानी ऊपर से बह रहा है। चरणतीर्थ मंदिर जाने वाला रास्ता पानी में डूब जाने से पूरी तरह बंद हो गया है। मुक्तिधाम चारों तरफ से पानी से घिर गया है, जिससे अंतिम संस्कार के लिए भी भारी परेशानी हो रही है। नदी के तट पर स्थित कई मंदिर पूरी तरह जलमग्न हो चुके हैं। रंगई के बाढ़ वाले गणेश मंदिर तक पानी पहुंच गया है। शनि मंदिर से लेकर मवेशी बाजार तक नदी का पानी फैल चुका है, जिससे निचले इलाकों में दहशत का माहौल है।

### टापू पर फंसे सात लोगों को टीम ने सुरक्षित निकाला

**गुलाबगंज।** नेवन नदी के बढ़ते जलस्तर के बीच टापू पर फंसे एक ही परिवार के सात सदस्य तीन पुरुष, तीन महिलाएं और एक बच्चे को गुलाबगंज पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। यह रेस्क्यू ऑपरेशन एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन और एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। घटना ग्राम सुमेर बर्री, थाना गुलाबगंज क्षेत्र की है। जहां रविवार को अचानक नेवन नदी का जलस्तर बढ़ गया। इससे नदी के बीच स्थित टापू पर एक परिवार के सात सदस्य फंस गए। हालात की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक मोहर सिंह मंडेलिया ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीईआरएफ टीम की मदद ली। प्रशिक्षित जवानों और पुलिस टीम ने तेज बहाव और जोखिम के बावजूद सूझबूझ के साथ बचाव अभियान चलाया और सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। रेस्क्यू में गुलाबगंज थाना पुलिस के साथ एसडीईआरएफ के सउनि लक्ष्मी विश्वकर्मा एवं उनकी टीम, आपदा प्रबंधन टीम के सैनिक माताढीन और राजेंद्र दांगी ने अहम भूमिका निभाई। विदिशा पुलिस की इस तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता ने न सिर्फ संभावित जानमाल के नुकसान को रोका, बल्कि संकट की घड़ी में आमजन की सेवा और सुरक्षा की मिसाल भी पेश की।



विदिशा। बेतवा के चरणतीर्थ पर बने मंदिर नदी में आधे डूब चुके हैं।

### लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने बेतवा नदी के तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया है। राहत कैंपों में भोजन, चिकित्सा और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### नदी देखने लगी भीड़

नदी का रौद्र रूप देखने के लिए पुलों और किनारों पर भारी संख्या में लोग जमा हो रहे हैं। प्रशासन ने लोगों को पानी में न जाने की सख्त हिदायत दी है। एसडीआरएफ और होमगार्ड की टीमों को मौके पर तैनात किया गया है।

### टोल फ्री नंबर जारी

प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे नदी किनारे या जलमग्न क्षेत्रों में जाने से बचें, और किसी भी आपात स्थिति में टोल फ्री नंबर 1070 या 1079 पर तुरंत संपर्क करें।

## साधारण सम्मेलन कराने पार्षदों ने नपा सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नगरपालिका की साधारण सभा की बैठक कराने की मांग करते हुए बुधवार को दर्जनभर पार्षदों ने कलेक्टर अंशुल कुमार गुप्ता और नगरपालिका सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर को ज्ञापन सौंपा है।

इस ज्ञापन में कहा गया है कि कई महीनों से नगरपालिका की साधारण सभा की बैठक नहीं हुई है। जिसके कारण शहर विकास के प्रस्ताव अटके पड़े हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि नियमानुसार प्रत्येक तीन माह में परिषद का साधारण सम्मेलन होना आवश्यक है। उन्होंने जल्द से जल्द साधारण सम्मेलन कराने की मांग कलेक्टर से की है। इधर नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा का कहना है कि पार्षदों के द्वारा प्रस्ताव दिये जाते हैं। इन प्रस्तावों पर इंजीनियरों के द्वारा रिपोर्ट तैयार की जाती है। यदि मामला पीआईसी में रखे जाने योग्य है तो वहां रखा जाता है। यदि प्रस्ताव साधारन सम्मिलन की बैठक में रखे जाने योग्य होते हैं तो इसका आयोजन किया जाता है। इधर नपा सीएमओ दुर्गेश सिंह का कहना है कि पार्षदों ने यह मांग रखी है उनसे ऐजेंडा में रखे जाने के लिए प्रस्ताव मांगे जाएंगे। इसके बाद नपाध्यक्ष की अनुमति से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ऑनलाइन आवेदन की तिथि 30 तक बढ़ाई गई

**हरिभूमि न्यूज. शमशाबाद।** जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की तिथि 13 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीनस्थ पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय शमशाबाद विदिशा में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 13 दिसंबर को जिले के समस्त विकास खंण्डो में आयोजित होगी।

## कीटनाशक से जली 300 बीघा सोयाबीन की फसल, किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, बोलेः मेहनत व लागत दोनों बर्बाद हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में कीटनाशक दवा के दुष्प्रभाव से सोयाबीन की फसल खराब होने से आक्रोशित किसान बुधवार को बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

किसानों ने बताया कि उन्होंने गल्ला मंडी स्थित मेलर्स किसान समाधान केंद्र से खरपतवार नियंत्रण के लिए एचपीएम केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर लिमिटेड की वाघोधलर ई-04 दवा खरीदी थी। खेतों में डालने के बाद फसल पर गंभीर असर हुआ। इस दुष्प्रभाव से डाबर, खिरिया, मोतीपुरा, सीतापुर, पडरात, अटारी खेजड़ा, धतुरिया, संतापुर, पीपर हूठा और इकोदिया गांवों के लगभग 15 किसानों की 300 बीघा से अधिक सोयाबीन की फसल पूरी तरह खराब हो गई है। प्रभावित किसानों ने कहा कि उनकी हो गई है, जिससे आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। किसानों ने कृषि विभाग से जांच कराने, दोषी दवा कंपनी और दुकानदार पर कार्रवाई करने मुआवजा देने की मांग की है। नटेरन तहसील के नगतरा गांव में भी दवा छिड़काव से सोयाबीन की फसल जली है।



विदिशा। किसानों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है।

## चोरघाट नाले में बही थार, कार सवार 4 लोग सुरक्षित बाहर निकले, नाले में समाया वाहन

### मंगलवार सुबह की घटना, थाने में दिया आवेदन, पुलिस ने दर्ज नहीं की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मंगलवार को हुई तेज बारिश में रामघाट से बेहराबाबा घाट जाने वाले मार्ग की पुलिया टूटकर पानी में बह गई थी। जिसमें एक वाहन बहने की जानकारी सामने आ रही थी।

बुधवार को भोपाल निवासी सुनेरा खान ने कोतवाली थाने में आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार की सुबह 8 बजे वह अपनी थार गाड़ी नंबर एमपी 04 वायजे 7862 से विदिशा के लिए निकले। बेहराबाबा घाट और रामघाट के बीच पुलिया के ऊपर थोड़ा पानी था। सुबह के 9 बज रहे थे, जैसे ही उन्होंने गाड़ी को पुलिया के ऊपर से निकालने का प्रयास किया तो गाड़ी सीधे नाले में उतर गई क्योंकि पुलिया टूटी हुई थी। वाटर वर्क्स रोड उनका पशु आहार का व्यापार है इसलिए वह इस रास्ते से निकले थे।

### हम चारों ने बमुश्किल बचाई जान, गाड़ी बह गई



गाड़ी में 4 लोग सवार थे। सुनेरा खान जफर मोहम्मद, नसीर खान और शहीद खान चारों ने जैसे तैसे कर अपनी जान बचाई और गाड़ी से बाहर निकलकर किनारे लग गए, लेकिन गाड़ी नाले में समा गई। जिसका कोई अता पता नहीं चल रहा है। इस मामले में सीएसपी अुतल सिंह का कहना है कि नाले में एक वाहन बहने की सूचना प्राप्त हुई है। कोतवाली थाना टीआई द्वारा जांच की जा रही है।

## सड़कों की खराब स्थिति पर भड़के कांग्रेसी, पूर्व सीएम शिवराज सिंह से इस्तीफे की मांग, 1 अगस्त को शहर बंद की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बारिश से बदहाल हुई सड़कों और जलभराव की स्थिति पर कांग्रेस ने भाजपा सरकार को घेरा है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने माधवगंज से तिलक चौक होते हुए बड़े बाजार तक पदयात्रा की। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों को पोस्टकार्ड वितरित किए और 1 अगस्त को विदिशा बंद का आह्वान किया। कांग्रेस ने क्षेत्रीय सांसद और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को शहर की दुर्दशा के लिए जिम्मेदार ठहराया है। पार्टी ने उनसे नैतिक आधार पर इस्तीफा देने की मांग की है। कांग्रेस का कहना है कि शिवराज जब मुख्यमंत्री थे, तब विदिशा को नगर निगम बनाने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए। अब वे केवल घोषणाएं कर जनता को भ्रमित कर रहे हैं।

कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा के 24 वर्षों के शासन में जनता को केवल गड्ढे, टैक्स और स्मार्ट मीटर की वसूली मिली है। साथ ही खराब स्वास्थ्य और सड़क सुविधाएं भी मिली हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बीज-खाद की कमी है। शिक्षा व्यवस्था गिरावट पर है। शासकीय ज़मीनों पर अवैध कब्जे जैसे मुद्दों पर भी भाजपा खामोश है। कांग्रेस पार्टी ने जनता से अपील की है कि वे अपने मत का हिसाब मांगें। सांसद-विधायक से इस्तीफे की मांग करें। इसके लिए नागरिकों को पोस्टकार्ड दिए गए हैं। इन्हें भरकर राष्ट्रपति को भेजा जाएगा। कांग्रेस चाहती है कि ऐसा कानून बने जिसमें जनता नाकाम जनप्रतिनिधियों को बीच कार्यकाल में ही हटा सके। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि अब समय आ गया है कि जनता संगठित होकर जवाब मांगे। अगर ऐसा नहीं हुआ तो आने वाली पीढ़ियाँ सवाल करेंगी।



विदिशा। बंद को लेकर शहर के बाजार में पर्चे बांटते हुए कांग्रेसी।

## 2 प्राचार्यों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा प्रत्येक माह आयोजित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में छात्रवृत्ति से संबंधित विषय पर आधारित एक शिकायत विदिशा जिले की भी शामिल थी।

उच्च शिक्षा विभाग के अवर सचिव द्वारा शासकीय कर्तव्यों के प्रति गंभीर लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर निलंबन आदेश जारी किए है। कलेक्टर अंशुल कुमार गुप्ता ने बताया कि जारी आदेशानुसार शासकीय महाविद्यालय नटेरन के प्रभारी प्राचार्य डॉ वने सिंह वर्मा और गर्ल्स कॉलेज की तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य डॉ नीता पांडे को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में डॉ नीता पांडे और प्रभारी प्राचार्य डॉ वने सिंह वर्मा दोनों का मुख्यालय क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा गोपाल नर्मदापुरम संभाग भोपाल नियत किया गया है जबकि निलंबित अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## बासौदा मंडी भाव

सुजाता
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-2729
चना
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-6251
मसूर
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-9700
सरसों
न्यूनतम भाव-6650
उच्चतम भाव-6750
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-4621
मूंग
न्यूनतम भाव-7400
उच्चतम भाव-7400

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 578 बोरे उपज की आवक हुई।

## एक दिन में ही बरस गया 130 मिमी यानी 5 इंच पानी

# दूसरे दिन भी बेतवा नदी रही उफान पर यातायात रहा पूरी तरह बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गतदिवस नगर सहित आसपास हुई जोरदार बारिश से इलाका पानी पानी हो गया। बीते चौबीस घंटों में नगर में 130 मिमी बरसात दर्ज की गई है। यानि एक दिन में ही नगर में 5 इंच से अधिक पानी बरस गया है। इस बारिश को मिलाकर इलाके में अभी तक 615.5 मिमी पानी बरस चुका है। जबकि इलाके की औसत बारिश 1 हजार मिमी है। इस लिहाज से इलाके में औसत की आधी से अधिक बारिश हो चुकी है। उधर पिछले दो दिनों से विदिशा एवं आसपास के क्षेत्र में जोरदार बारिश से बेतवा नदी पूरे उफान पर चल रही है। जिससे गत दिवस से ही बेतवा नदी का पानी उसके दोनों पुलों के ऊपर से होकर बह रहा है और नगर का कई नगरों एवं कस्बों से सडक संपर्क टूटा हुआ है।

ज्ञात हो कि नगर में दो दिन से जारी भारी बारिश के चलते बेतवा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मंगलवार के बाद बुधवार को भी बेतवा नदी गंज पुल से ऊपर होकर बहती रही। वहीं बर्री घाट पुल पर भी नदी पानी बहता रहा। जिससे इन दोनों पुलों से यातायात पूरी तरह बंद रहा और नगर का सडक संपर्क शमशाबाद, सिरोंज, नटेरन सहित अन्य क्षेत्रों से कटा रहा। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने पुल के दोनों ओर बैरिकेडिंग कर रखी है। हांलाकि बुधवार को दिन भर तेज बारिश तो नहीं हुई, लेकिन रह रहकर रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा। जिससे क्षेत्र की अन्य नदियों केवटन, सिंध, खानवा आदि का जलस्तर कम हो गया और उनके पुलों से पानी उतर जाने से क्षेत्र का आपसी संपर्क बहाल हो गया। उधर गत दिवस की तेज बारिश से नगर में जगह जगह जलभराव एवं जलजमाव की स्थिति निर्मित हो गई थी। हांलाकि नपा अमला गत दिवस भी पूरी तरह सक्रिय बना रहा और बुधवार को दूसरे दिन भी नगर पालिका के अमले ने चिन्हित एवं शिकायत मिलने वाले स्थानों पर पहुंचकर जेसीबी एवं कर्मचारियों की मदद से जलनिकासी करवाई।

उधर तेज और अच्छी बारिश से क्षेत्र के बघरू, दानमढी, मुरादपुर, हामिदपुर, सत्ताखेडी एवं अन्य जलाशय भर गए हैं और अब उनसे आगामी समय में पेयजल एवं सिंचाई के लिए पानी की अच्छी आपूर्ति सुनिश्चित हो गई है।

### विद्यालयों में अवकाश घोषित

गंजबासौदा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में जारी अतिवृष्टि के कारण विद्यार्थियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए गुरुवार का अवकाश घोषित करने का आदेश जारी कर दिया है। जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त एवं सीबीएसई में कक्षा नर्सरी से कक्षा 12 वीं तक अध्ययनरत विद्यार्थीयों के लिये दिनांक 31.07.2025 का अवकाश घोषित किया गया है। पूर्व में निर्धारित परीक्षाओं का समय यथावत समस सारणी अनुसार रहेगा।

## चौरसिया समाज ने मनाई नागपंचमी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

चौरसिया समाज ने नागपंचमी का पर्व लाल पठार स्थित देसाई गार्डन में हर्ष उल्लास के साथ मनाया। सुबह से ही चौरसिया समाज के संतोष चौरसिया आर्मी, डॉक्टर रमाकांत चौरसिया, संतोष चौरसिया शिक्षक, कृष्ण गोपाल चौरसिया द्वारा पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर, अभिषेक, हवन पूजन, भगवान शिव का श्रृंगार कर, पूजा अर्चन कर, महाआरती की गई। समाज की दीपिका चौरसिया, मोहिनी चौरसिया, पलक चौरसिया, शिवानी और अनामिका चौरसिया द्वारा भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया गया। उपस्थित समाज महिलाओं ने भगवान शिव की स्तुति और मंगल भजन गाकर, धर्म लाभ लिया। पंडित अनिल भार्गव एवं सौरभ भार्गव ने पूरे विधि विधान और मंत्रों के साथ शिवलिंग निर्माण, अभिषेक, हवन पूजन और महाआरती सम्पन्न कराई। उक्त कार्यक्रम में प्रकाश, महेश, विष्णु, उमेश, धर्मेंद्र, देवेंद्र, प्रमोद, महेंद्र, अंकित चौरसिया का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इस मौके पर अनेक स्वजाति बंधु शामिल हुए।

## बच्चों ने किया विभिन्न पौधों का रोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को बरसते पानी में अध्ययन किड्स स्कूल के नन्हें-मुन्हें बच्चों द्वारा देहात थाना पहुंचकर हरियाली महोत्सव मनाया गया। जिसमें अध्ययन स्कूल के लगभग 50 नन्हें-मुन्हें बच्चों ने जामुन, नीम और आम एवं अन्य पौधो का पौधरोपण किया। साथ ही सभी बच्चों को हमारे जीवन में पेड़-पौधों के महत्व को समझाया, पेड़ों से हमें ऑक्सीजन, फल आदि मिलते है। ज्ञात हो कि दिन भर बरसात होने के पश्चात भी जहां पर रोड सुनसान पड़े थे लेकिन उन बच्चों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संवर्धन में अपनी महती भूमिका निभाई तथा सभी बच्चों ने शपथ ली कि वह अपने हर जन्मदिन पर एक पौधा जरूर लगाया करेंगे। ताकि आने वाले कल को एक हरा-भरा पर्यावरण दे सकें। इस अवसर पर एसडीओपी शिखा भलावी, थाना प्रभारी मनोज दुबे, अध्ययन स्कूल की संचालिका कविता सिकरवार, संजय सिंह सिकरवार, शिक्षकगण एवं गणमान्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### इलेक्ट्रिक स्कूटी में लगी लगी अचानक आग

गंजबासौदा। मंगलवार को नगर के वार्ड नंबर 11 में इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि बारिश के दौरान भी स्कूटी देखते ही देखते जलगई। स्कूटी मालिक को आग बुझाने तक का मौका नहीं मिला। जिससे स्कूटी मालिक को हजारों रुपए का नुकसान हो गया।

### जल भरने निकले कांवड़िया



त्योंदा। श्रावण मास की चौथे सोमवार को त्यौदा के शिव गुफा मंदिर स्थित शिवलिंग का मां नर्मदा के जल से अभिषेक करने के लिए बुधवार को त्योंदा से अनेक कांवड़ियां कांवड़ लेकर जल भरने के लिए पैदल रवाना हुए। जिनका ग्रामीणों ने फूल मालाओं से स्वागत किया।

### आज भी करा सकते हैं ई-केवाईसी

गंजबासौदा। शासन के निर्देशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत पात्र परिवारों की पहचान सुनिश्चित किए जाने हेतु ई-केवाईसी की प्रक्रिया जारी है। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि नवीन पात्रता पर्ची प्राप्त किए जाने आवेदन करने वाले परिवार शासकीय उचित मूल्य दुकान पर जाकर ई-केवाईसी की प्रक्रिया गुरुवार तक करा सकते हैं। जनपद पंचायत बासौदा अंतर्गत 6466 सदस्यों की ईकेवाईसी का कार्य शेष हैं।

## नवांकुर सखी, हरियाली यात्रा निकाली




गंजबासौदा। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में चयनित नवांकुर संस्था द्वारा सेक्टर अम्बानगर के ग्राम बिलवाय में नवांकुर सखी, हरियाली यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम की पंजीकृत नवांकुर सखियों ने सिर पर कलश धारण कर स्थानीय मंदिर प्रांगण से एक आकर्षक कलश यात्रा निकाली। कार्यक्रम में भजन संगीत, पौधा पूजन जैसी भावपूर्ण गतिविधियाँ आयोजित की गईं। जिनमें ग्रामीणजन विशेष उत्साह से सहभागी बने। इस अवसर पर महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधे और बीजरोपित थैलियाँ वितरित की गईं। साथ ही, उपस्थित सभी को इन पौधों की देखभाल कर बड़े करने का संकल्प दिलाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम के खुमान सिंह, बलराम सिंह, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक ममता राठौर, देवेंद्र साहू, आवरण सोसायटी से अमित शर्मा, जगदीश प्रसाद साहू, रितु राजपूत, चंचल तामेश्वरी, परामर्शदाता सीमा शर्मा, अशोक कुमार, प्रस्फुटन समिति बिलवाय के पुष्पेंद्र सिंह, अनुराग सहित बड़ी संख्या में नवांकुर सखियाँ उपस्थित रहीं।

### जल निकासी की व्यवस्था कराई गई

गंजबासौदा। बुधवार को नगरपालिका सफाई अमले ने वंश होटल के पीछे जल निकासी की व्यवस्था जेसीबी मशीन की सहायता से कराई गई। इस मौके पर अनेक नपा सफाई कर्मी मौजूद थे।



## पौधरोपण व पुरस्कार वितरण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




अखिल विश्व गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोहद एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड़ेर के खेल परिसर में आम, नीम, पीपल, बोगनबेलिया आदि के अनेक पौधे रोपे गए। वहीं गायत्री परिवार द्वारा आयोजित संस्कृति ज्ञान परीक्षा में तहसील स्तर पर प्रावीण्य सूची में आए छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए, साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य तृप्ति अग्रवाल को सम्मान पत्र एवं गुरुदेव तथा माता भगवती देवी के चित्र को भेंट किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड़ेर के गुरुदेव रोमेश बक्षी, महेश प्रजापति का भी परिजनों द्वारा सम्मान किया गया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के तहसील प्रभारी सुरेश सैनी ने छात्रों को संबोधित करते हुए भविष्य में भी इस परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। साथ ही गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहे अभियानों की जानकारी भी दी। इस अवसर पर गायत्री परिवार की ओर से पूर्व रेल स्टेशन प्रबंधक केएस पाल, पुष्पा पाल, साधना सैनी, पूर्व शिक्षक प्रदीप श्रीवास्तव, रामकिशन सैनी, आदि उपस्थित थे। वहीं शिक्षक परिवार में तृप्ति अग्रवाल, धन्नालाल जाटव, गोकुल प्रसाद बिसोरिया, प्रमोद कुमार सेन, जवाहर सिंह, बाबूलाल अहिरवार ,मुरारीलाल, रमाकांत पुरोहित, बृजराज सिंह राजपूत, हल्के राम विश्वकर्मा, राजकुमार तिवारी ,अविनाश शर्मा, नीलेश कुर्मी आदि सम्मिलित हुए। उपस्थित शिक्षक परिवार द्वारा रोपे गए सभी पौधों को वृक्ष बनने तक उनकी देखभाल करने का संकल्प तथा जिम्मेदारी ली गई। कार्यक्रम का संचालन मुरारी लाल वशिष्ठ द्वारा किया गया।

### सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया जा रहा

गंजबासौदा। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी सवा लाख पार्थिक शिवलिंग निर्माण स्वर्णकार विवाह मंच के संस्थापक संचालक राजकुमार सोनी के निवास पर विधि विधान से पूजन अर्चन कर कराया जा रहा है। जिसमें नगर के भक्तगण बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। सुबह से पार्थिक शिवलिंग एवं शिव परिवार का पूजन अभिषेक किया जाता है एवं प्रति वर्षानुसार 4 अगस्त को राजकुमार सोनी के निज निवास स्थान से महादेव की शाही सवारी का नगर भ्रमण करवाया जाएगा। जो गांधी चौक सदर बाजार सावरकर चौक से होते हुए वापिस निवास पर पहुंचेगी, जहां पर अभिषेक एवं पूजन पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा।



### सेंट एसआरएस स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम सम्पन्न

गंजबासौदा। बुधवार को सेंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार द्वारा परिसर में आम, जामुन, बोगनबेलिया, अशोक सहित 11 अन्य पौधों का रोपण किया गया। साथ ही पौधों के संरक्षण और संवर्धन में सहयोग करने का संकल्प लिया गया। संस्था डायरेक्टर केएस यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने शिक्षक परिवार से आह्वान किया कि एक व्यक्ति एक पेड़ के संरक्षण का दिल से संकल्प ले, तो हमारा शहर हरियाली से भर जाएगा, इसके लिए हर बच्चे को प्रेरित करना होगा। इस अवसर पर कौर्डिनेटर प्रियंका अग्रवाल, व्याख्याता रजनी गुप्ता, कार्यक्रम प्रभारी कृष्ण पाल सिंह चौहान, गोविंद कुशवाह, संगीत शिक्षक शंभु गिरि गोस्वामी, विवेक दुबे, श्रीराम प्रजापति, संजय जैन, चेतन, संदीप कुशवाह, सुपार्श जैन, विक्रांत सोनी, आकाश साहू आदि मौजूद रहे।




## श्री जटाशंकर विश्वनाथ मंदिर में हो रहा कथा का आयोजन

# माता मैनी देवी के पूर्व जन्म की कथा सुनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पुरानी नगर पालिका के पीछे श्री जटा शंकर विश्वनाथ मंदिर में चल रही श्री शिवमहापुराण कथा के षष्टम दिवस में पंडित धर्मेन्द्र भार्गव ने पार्वती की माता मैना देवी के पूर्व जन्म की कथा सुनाते हुए कहा दक्ष प्रजापति की साठ कन्या थीं। उनमें से स्वधा नाम की कन्या पितरों को समर्पित की, उसी स्वधा को पितरों से धर्म मूर्ति तीन कन्याओं का जन्म हुआ। जेष्ठी कन्या का नाम मैना , मध्यमा का नाम धान्या तथा छोटी का नाम कलाबती था। यह तीनों पितरों की मानस कन्याएँ अयोनिजा है, यही लोक माता है। एक समय की बात है तीनों बहनें श्वेत दीप में विष्णु का दर्शन करने गईं वहाँ भक्ति से विष्णुजी की स्तुति उनकी आज्ञा से वहीं बैठ गईं, उसी समय ब्रम्ह पुत्र सनकादि मुनियों का आगमन हुआ। सभी देवताओं ने उठ कर उनका अभिवादन किया परन्तु शिव माया से मोहित होकर तीनों कन्याओं ने मुनियों को प्रणाम नहीं किया। जिससे सनकादि ऋषि कुपित हो गए तथा कन्याओं को श्राप दे दिया तुम लोग नर भाव से मोहित हो गईं, इसलिए प्रथ्वी लोक पर मनुष्य पत्नि बन जाओं तीनों कन्याएँ मुनि के चरणों में गिरकर क्षमा याचना करने लगीं। तब सनकादि मुनि बोले श्राप तो यथावत रहेगा, हमारा यह वचन सदैव तुम लोंगों के शोक को दूर करेगा। बिष्णु का अंशभूत हिमालय पर्वत जहाँ बर्फ ही बर्फ जमा रहता है। यह जेठी कन्या उसकी धर्म पत्नि होगी, पार्वती इसी की कन्या बनकर जन्म लेंगी। यह योगिनी पार्वती से वर प्राप्त कर उसी देह से परम पद प्राप्त करेगी। दूसरी कन्या जिसका नाम धान्या है यह योगिनी राजर्षि जनक सीरध्वज की पत्नि होंगी जिसमें भगवती महालक्ष्मी सीता जन्म लेंगी, साक्षात बैकुण्ठ लोक की प्राप्ति होगी। तीसरी कलावती वैश्य कुलोत्पन्न वृषभान की पत्नि होगी। जिसमें द्वापर के अंत में राधा प्रकट होंगी अपनी कन्या राधा के साथ जीवन मुक्त हो गौलोक में निवास करेगी।

### बार बार हो रही बिजली गुल

गंजबासौदा। विगत दो तीन दिनों से नगर में लगातार बारिश का दौर जारी है। ऐसे में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में बगैर सूचना के कभी भी बिजली गुल कर दी जाती है। जिससे यहां के रहवासियों को बारिश के मौसम में अंधेरे में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों का कहना है कि जब साल भर विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मैंटेनेंश के नाम पर बिजली कटौती की जाती है तो फिर थोड़ी ही बारिश होते ही नगर में बिजली प्रदाय बंद क्यों कर दिया जाता है।

### यातायात पुलिस ने की चालानी कार्रवाई



गंजबासौदा। यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा बुधवार को नगर में चालानी कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने जय स्तंभ चौक सहित अनेक स्थानों पर कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे अव्यवस्थित ढंग से खड़े दो पहिया वाहनों को नगरपालिका के वाहन में भरकर जय स्तंभ चौक स्थित चौकी पर लाया गया। चालानी कार्रवाई के दौरान 14 दो पहिया वाहन चालकों पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। इस अवसर पर अनेक यातायात कर्मी एवं नपा अमला मौजूद रहा।

## कांग्रेस ने की बैंकों में पार्किंग व्यवस्था की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम विजय राय को ज्ञापन सौंपा। जिसमे कहा गया है कि नगर में बैंकों के बाहर खडे दोपहिया वाहनों को जब्त कर चालकों पर कार्रवाई बंद हो। ज्ञापन में कहा गया है कि बैंकों, प्रतिष्ठानों को स्वयं पार्किंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए जाएं। जिससे नागरिकों को भी असुविधा नहीं होगी और यातायात व्यवस्था भी बनी रहेगी। इस अवसर पर नपा नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, बीडी शर्मा, राजकुमार सेन सहित बडी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद थे।

### मुस्लिम मंच ने की आरएसएस प्रमुख की सराहना

गंजबासौदा। भारतीय मुस्लिम समुदाय को अब राष्ट्र की मुख्य धारा मे आकर राष्ट्र निर्माण मे अपना और भी अधिक योगदान देना चाहिए। मुस्लिम समुदाय के वरिष्ठ शिक्षाविद उलेमा हजरात बुद्धिजीवी वर्ग को यह प्रयास करना चाहिए। गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत की नई दिल्ली मे हरियाणा भवन में मुस्लिम धर्म गुरुओं, बुद्धिजीवियों और मुस्लिम समाज के अहम लोगों के साथ बैठक हुई। यह बैठक इस बात का सबूत है कि आरएसएस के प्रति जो गलत फहमियां फैलाई गईं है उनको अब दूर करने की जरुरत है। संघ प्रमुख मोहन भागवत की इस कोशिश की हम सराहना करते है। मुस्लिम समुदाय संघ के साथ कदम से कदम मिलाकर राष्ट्र निर्माण मे अपना योगदान देगा। ये विचार मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि डॉ. इन्द्रेश कुमार के नेतृत्व में मंच लगातार हिन्दू मुस्लिम एकता पर काम कर रहा है।

आवश्यकता है
सर्वोदय मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नर्सिंग स्टाफ एवं मार्केटिंग मैनेजर की आवश्यकता है।
योग्य व्यक्ति संपर्क करे
पता:- सिटी सेंटर कॉलोनी, पचमा बाईपास रोड गंज बासौदा
मोबाइल नंबर:- 9479915485,6261117207

### क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से केथन डैम का बढ़ा जल स्तर, छरछरा हुआ चालू

# 24 घंटे से लगातार बारिश का दौर जारी कई गांवों में मकान हुए क्षतिग्रस्त

ज्वारी नदी का जल स्तर बढ़ने से 17 मकान डूबे, एसडीएम ने राजस्व अमले, होमगार्ड की मदद से 17 परिवारों को सुरक्षित निकाला







हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

दो दिनो से क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते मानव जीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रो में बारिश के चलते कई ग्रामो में पानी भरा जाने से ग्रामीणो को प्रशासन द्वारा रेस्क्यू कर निकाला जा रहा है। इसी के साथ ग्रामीण व शहरी क्षेत्रो में स्थित कच्चे मकान गिरने की जानकारी भी काफी मिल रही है। एसडीएम हर्षल चौधरी,तहसीलदार संजय चौरसिया,नायब तहसीलदार विकास अग्रवाल सहित समस्त राजस्व अमला विगत दो दिनों से क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्थाओं को देखने में लगा हुआ है। वही एसडीएम हर्षल चौधरी द्वारा राजस्व अमले के साथ नदी के समीप निवास करने वाले नागरिको को सुरक्षित स्थानों पर पहुचा जा रहा है। मंगलवार को ज्वारी नदी का जल स्तर बडने से नदी उफान पर आ गई। जिस कारण ग्राम पंचायत गुलाबगंज के ग्राम बेंदीगढ के खेतो में स्थित 17 मकान पानी में डूब गए जिसके चलते इन 17 परिवारो के लगभग 51 लोग वहा फस गए। जिसकी जानकारी मिलते ही होमगार्ड,राजस्व अमला,पुलिस की सयुक्त टीम ने इन सभी परिवारो को सुरक्षित निकाला गया। साथ ही एसडीएम हर्षल चौधरी द्वारा ग्राम पंचायत के माध्यम से सभी परिवारो को सुरक्षित पंचायत भवन में रूकने व भोजन आदि की व्यवस्था की।

**एसडीएम ने पटवारियों को किया निर्देशित** - मंगलवार को हुई मूसलाधार बारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्रो में बाढ जैसे हालात देखने को मिलें और कई मकान धाराशाई हो गए। एसडीएम हर्षल चौधरी ने समस्त पटवारियो को बाढ में क्षतिग्रस्त्र मकान,पशु हानि,जनहानि आदि की समीक्षा कर सबका सर्वे करने को लेकर निर्देशित किया गया। वही एसडीएम हर्षल चौधरी द्वारा बताया गया कि पटवारियो द्वारा समस्त ग्रामो में पहुचाकर क्षतिग्रस्त मकान व हानि का सर्वे कर प्रकरण बनाए जा रहे है। कलेक्टर महोदय के निर्देश अनुसान और शासन की मंशा अनुरूप सभी को शीघ्र अतिशीघ मुआवजा दिलवाने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होने कहा कि क्षेत्र के कुछ स्थानो पर तहसीलदार संजय चौरसिया,नायब तहसीलदार विकास अग्रवाल द्वारा जांच की गई है। साथ ही ग्रामीणो को जल्द से जल्द मुआवजा दिलवाने का प्रयास किया जाएगा।

**पचकुईया घाट पर दो तैराकों को किया गया तैनात** - नगर की केथन नदी का जल स्तर बढने से नदी के समीप निवासरत नागरिको को स्थानीय प्रशासन द्वारा अपने घरो से सुरक्षित स्थानो पर पहुचाया जा रहा है। एसडीएम हर्षल चौधरी द्वारा पचकुईया घाट,काशीघाट स्थित दो तैराको को तैनात किया गया है। साथ ही इन दोनो तैराको को होमगार्ड के माध्यम से लाइफ जैकिट भी उपलब्ध कराई गई है। जिसका उध्ेश्य यह है कि यदि कोई घटना घटित होती है और यदि कोई व्यक्ति नदी में डूबता नजर आए तो होमगार्ड टीम के आने से पहले ही उन्हे बचाया जा सकें।

**जल भराव वार्डों में पहुंचे सीएमओ,समस्या का किया निराकरण** - नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश नगर जल भराव वार्डो में पहुचकर नपा अमले के साथ जल निकासी की व्यवस्था की। तो वही नगर के वार्ड क्रमांक 10 भवानी नगर में नगर पालिका स्वास्थ्य विभाग के अमले के द्वारा लगातार बारिश होने के कारण जल भराव की समस्या का निवारण करते हुए पानी की निकासी और नालियो की सफाई की गई। इस मौके पर नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू,स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना,नपा उपाध्यक्ष मनोज शर्मा,सफाई दरोगा आदि उपस्थित रहे। तो वही समस्त सफाई मित्रों द्वारा तुरन्त कार्य कराया गया। नपा सीएमओ श्री साहू ने नगर पालिका के समस्त दरोगा,सफाई मित्र,वाहन चालको को सूचित किया गया कि अधिक बारिश होने के कारण शहर में कभी भी किसी भी प्रकार की इमरजेंसी आ सकती है। जिससे की कोई भी अपना मोबाइल फ़ोन बंद ना करे। सभी अपना मोबाइल पूरे टाइम चालू रखें। जिससे की इमरजेंसी की स्थिति में आप को संपर्क करके आपको इमरजेंसी कार्य के लिए बुलाया जा सके।

**पटवारी को मौके पर ले जाकर कराया सर्वे** - भाजपा के वरिष्ठ नेता तोषमणी पंथी कन्ना भैया शहरी पटवारी को अपने साथ वार्ड में लेकर पहुचें। वही उन्होने वार्ड क्रमांक 14 में बारिश के चलते क्षतिग्रस्त हुए वार्ड के अनेको मकानो का सर्वे कराया। इस मौके पर उन्होने वार्डवासियो से कहा कि जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने की बात कही। उन्होने कहा कि लगातार 24 घण्टो से हो रही बारिश के चलते वार्ड के अनेको मकानो की दीवारो में दरार व कई मकान गिरने की कगार पर है। इन मकानो में निवासरत नागरिको को नपा द्वारा सुरक्षित स्थानो पर रहने व भोजन की व्यवस्था कराई गई है।

**छरछरा चालू, डैम के नजारे को देखने पहुंच रहे नागरिक** - लगातार 24 घण्टो से जारी बारिश के चलते इस वर्ष केथन डेम का जल स्तर बढने से छरछरा चालू हुआ। तो वही मंगलवार शाम से ही छरछरा देखने के लिए बडी संख्या में केथन डेम के पास नागरिको की भीड देखी जा रही है। तो वही सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा केथन डेम के रास्तो पर बेरीकेटिंग की गई। जिससे की कोई भी नागरिक डेम के समीप न पहुच पाए। बता दे कि विगत 3-4 वर्षो बाद क्षेत्र में अच्छी बारिश होने से केथन डेम का जल स्तर बढा है। तो वही विगत 3-4 वर्षो बाद नागरिको को छरछरा देखने का मौका मिला।

**दीनदयाल उद्यान पार्क में देखी जा रही भीड़** - नगर के लटेरी रोड केथन डेम के समीप पं दीनदयाल उद्यान पार्क में भी लोगों की भीड दिन प्रतिदिन बडती जा रही है। सुबह होते शहरी एंव आसपास ग्रामीण क्षेत्र व दूरदराज के लोग केथन डेम में बडे जल स्तर को देखने के लिए पहुंच है। इस दौरान बच्चे सहित युवा-युवतियों ने पार्क में पिकनिक का आनंद लेते नजर आ रहे है। इसके अलावा यहां भ्रमण के साथ ही वनभोज का आनंद उठाया जा रहा है। डेम और पार्क में जाने के लिए लटेरी रोड पर दिनभर वाहन चालाकों की कतार लगी देखी जा रही है। तो वही भीड को देखते हुए बड़ी संख्या में चाट,फुल्की विक्रेता भी पार्क के बाहर अपने ठेले लेकर पहुंच रहे है। शाम होते-होते यह संख्या हजारों में हो जाती है । डेम को निहारने के साथ-साथ ही लोग पार्क में पहुंचकर सैर-सपाटा भी कर रहें है। इसी के साथ नगर के महामाई माता मंदिर पर भी बडी संख्या लोग केथन डेम के नजारे को देखने व पिकनिक मनाने के लिए पहुच रहे है।

### महिला मंडल ने कराई विभिन्न प्रतियोगिताएं समाज के मेधावी छात्रों का किया सम्मान

## चौरसिया समाज मंदिर में धूमधाम से मनाई गई नागपंचमी



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज


नगर के छिपेटी बाजार स्थित श्री राम जानकी रास बिहारी मंदिर चौरसिया समाज द्वारा नागपंचमी के अवसर पर मंदिर में श्री नागदेव की पूजा अर्चना कर धूमधाम से नागपंचमी मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रथम पूजन की बोली के साथ हुआ। जो पांच हजार रु से प्रारंभ होकर 11101रु पर समाप्त हुई इस वर्ष प्रथम पूजन का सौभाग्य मूलचंद चौरसिया को प्राप्त हुआ। तो वही समाजजनो में पुरुष,महिला,बच्चों ने पूजन की। इसके उपरांत प्रसादी वितरण हुआ।

साथ ही महिला मंडल द्वारा कराई गई निबंध प्रतियोगिता, एकमिनिट प्रतियोगिता, चेयर रैस प्रतियोगिता,सामान्य ज्ञान आदि प्रतियोगिताओ के प्रथम एवं द्वितीय विजयताओं को पुरस्कार वितरण किए गए। यह पुरुषकार मिस इंडिया मानसी चौरसिया द्वारा रखे गए थे। जिन्हें कार्यक्रम के अध्यक्ष मूलचंद चौरसिया द्वारा दिए गए। चौरसिया समाज के अध्यक्ष एडवोकेट पियूष चौरसिया ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा संचालन ललितकांत चौरसिया ने किया पुरस्कार महिला मंडल द्वारा वितरित किए गए। महिला मंडल की ओर से कार्यक्रम का संचालन ज्योति चौरसिया एवं अंजली चौरसिया द्वारा किया गया।

**समाज के मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान:** इस अवसर पर प्रतियोगिता में निबंध प्रतियोगिता विषय समाज का सर्वांगीण विकास कैसे हो में प्रथम पुरस्कार मानव एवं द्वितीय पुरस्कार अनुष्का ने प्राप्त किया। साथ ही सामान्य ज्ञान विषय सनातन धर्म की जानकारीमें प्रथम आदर्श द्वितीय अनुष्का,एक मिनिट प्रतियोगिता जूनियर में मान्या को एवं सीनियर में अनुष्का को मिला।

वही महिला एकमिनिट प्रतियोगिता में अभिलाषा चौरसिया को एवं चेयर रैश प्रतियोगिता में आशा चौरसिया को दिए गए। निबंध ओर सामान्य ज्ञान का निर्णय कमला देवी प्राचार्य गर्ल्स स्कूल एवं चंद्रप्रकाश चौरसिया शिक्षक ने किया। महिला मंडल ने दोनों को उपहार भेंट कर सम्मान व आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कार्यक्रम में समाज के मेघावी छात्र छात्राओं का भी सम्मान हुआ जिसमें मानसी को बी फार्मा में 92 प्रतिशत, जतिन को बी.एस.सी और श्रेया को दसवीं में श्रेष्ठ अंक प्राप्ति पर सम्मानित किया गया। अंतिम कार्यक्रम में मंडल के सचिव मनीष चौरसिया ने सभी समाजजन का आभार व्यक्त किया और मंडल के कोषाध्यक्ष हेमंत चौरसिया, उपाध्यक्ष शरद चौरसिया, सह सचिव अभिषेक चौरसिया, भंडार पाल राम चौरसिया, सूर्यप्रकाश, सूर्या चौरसिया, अभिषेक चौरसिया, संजय चौरसिया, रवि चौरसिया, किशोर चौरसिया सहित समस्त सदस्य व समाज जन उपस्थित रहे।

## सोयाबीन की फसल पर संकट में, बढ़वार रुकने और जलभराव से किसान परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶कस्वा बागरोद

खरीफ सीजन में क्षेत्र की प्रमुख फसल सोयाबीन इस बार प्राकृतिक आपदाओं की मार झेल रही है। अत्यधिक वर्षा और जलभराव के चलते फसल की बढ़वार रुक गई है, जिससे पैदावार पर गहरा संकट मंडरा रहा है। पहले से ही डबल बोनी और बीज न उगने की परेशानी झेल चुके किसानों की मुश्किलें अब और बढ़ गई हैं।

किसानों ने बताया कि सोयाबीन की फसल की उम्र 30 से 35 दिन हो चुकी है, जबकि सामान्यतः यह 40 से 50 दिन तक ही बढ़वार करती है। इसके बाद फूल आने पर उसका विकास रुक जाता है। ऐसे में यदि प्रारंभिक वृद्धि नहीं हो पाती, तो फसल की लंबाई कम रह जाती है और पैदावार पर सीधा असर पड़ता है। लगातार बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया है और जिलकन की स्थिति बन गई है, जिससे सोयाबीन की जड़ें सड़ने लगी हैं। इसके चलते कई जगहों पर फसल पूरी तरह से नष्ट होने लगी है। जलभराव की वजह से किसान समय पर खाद व दवाओं का भी प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं।

### ग्यारसपुर क्षेत्र में वाबना नदी बनी संकट का कारण

ग्यारसपुर तहसील के ग्राम दैयरपुर, सेमरा और इशतमुरार में वाबना नदी का कहर किसानों पर भारी पड़ रहा है। बीते तीन दिनों की भारी बारिश से नदी उफान पर है और इमला घाट क्षेत्र की सैकड़ों हेक्टेयर भूमि जलमग्न हो चुकी है। इन खेतों में खड़ी सोयाबीन की फसल अब पूरी तरह से खराब होने की कगार पर पहुंच गई है। किसानों ने बताया कि वर्षों बाद ऐसे हालात बने हैं जब खेत दर खेत नदी की चपेट में आ गए हों। नदी के उफान के कारण दैयरपुर और आसपास के गांवों का कस्वा बागरोद से संपर्क भी टूट गया है। हर तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से शीघ्र राहत कार्य शुरू करने और मुआवजा दिलाने की मांग की है। फसल की इस हालत से क्षेत्र के किसान मानसिक तनाव में हैं। मौसम की मार, खेतों में पानी भराव और फसल की खराब होती स्थिति से आर्थिक नुकसान की आशंका बढ़ गई है। किसानों ने सरकार से फसल बीमा क्लेम जल्द दिलाने और विशेष राहत पैकेज की मांग की है।

## स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : कलेक्टर

### मातृ एवं शिशु मृत्यु दर पर गहन समीक्षा की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित बेतवा सभागार में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान मातृ एवं शिशु मृत्यु दर के कारणों की गहराई से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में जिला नोडल अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर मोहिनी शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामहित कुमार, सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ. अनूप वर्मा सहित जिले भर के चिकित्सक मौजूद रहे। वहीं, खंड स्तरीय चिकित्सा अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया गया।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने पिछले छह माह में दर्ज बाल मृत्यु के प्रकरणों की विस्तार से जानकारी ली और संबंधितों की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीडीआर सॉफ्टवेयर में दर्ज आंकड़ों की समीक्षा करते हुए एक अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक की बिंदुवार रिपोर्ट पर चर्चा की, जिसे शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद मिश्रा ने प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने कहा कि शिशु मृत्यु दर की रिपोर्ट ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त समन्वय से तैयार की जाए, जिसमें प्रत्येक मृत्यु के कारण का विश्लेषण हो। उन्होंने घर पर प्रसव, रेफर न करने या रेफर करते समय हुई चूक जैसे मुद्दों पर केसवाइज जानकारी मांगी।

समीक्षा बैठक में नवजात शिशुओं की देखभाल, नियमित टीकाकरण, कुपोषण की स्थिति, धात्री माताओं की निगरानी, दस्तक अभियान तथा बाल मृत्यु से जुड़े अन्य पहलुओं पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा, मातृ मृत्यु दर के कारकों, आरसीएच पोर्टल पर दर्ज हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की स्थिति, डिलीवरी प्वाइंट्स की सुविधा, वर्थ वेटिंग रूम का उपयोग आदि विषयों पर भी विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अंत में सभी अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करें और जमीनी स्तर पर सक्रिय निगरानी बनाए रखें, ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में ठोस सुधार किया जा सके।

### फसल बीमा पोर्टल बंद, किसान परेशान

**कस्वा बागरोद।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अंतिम तिथि 31 जुलाई तय है, लेकिन 23 जुलाई से ही पोर्टल बंद होने के कारण किसानों का बीमा नहीं हो पा रहा। बैंक और समितियां न तो किसान क्रेडिट कार्ड धारकों का बीमा कर पा रही हैं और न ही बिना केसीसी वाले किसानों का। सरकार की ओर से अब तक बीमा की तारीख बढ़ाने या कोई अधिसूचना जारी नहीं की गई है। वहीं, एमपी लैंड (भू-अभिलेख) पोर्टल भी बंद होने से खसरा अपडेट नहीं हो पा रहा, जिससे बैंकिंग कार्य भी प्रभावित है। तहसील के फसल बीमा असिस्टेंट सुरेंद्र अहिरवार ने बताया कि पोर्टल बंद होने के कारण बीमा प्रक्रिया रुकी हुई है, किसान परेशान हैं और अंतिम तिथि नजदीक आने से चिंता और बढ़ गई है।

### दो वार्डों में बन रही जल भराव की स्थिति



**शमशाबाद।** दो दिन से लगातार हवा साथ हुई झमाझम वर्षा से शहर के वार्ड नंबर 1 व 4 में जलभराव की स्थिति बन गई। नाले में कचरा भरने के कारण वर्षा के पानी की निकासी न होने से जल भराव की स्थिती बन गई। जिसकी जानकारी लगते ही सीएमओ अनिल विढुआ ने सफाई कर्मियों की टीम को लेकर मौके पर पहुंच कर सफाई कराकर जल निकासी कराई, बरसते पानी में भी सी एम ओ अनिल विढुआ अपनी टीम के साथ सुबह से लेकर शाम तक वार्डो का भ्रमण करते रहे।

वहीं सी एम ओ संजय सागर बांध पर नगर में पेयजल व्यवस्था पानी फिल्टर प्लांट पर पहुंच कर निरीक्षण किया। इस अवसर पर इंजीनियर विजय इवने,अजय राजपूत, नरेन्द्र दुबे, स्वच्छता प्रभारी श्याम लाल बाल्मिकी आदि उपस्थित थे।

## प्रभारी सीएमओ ने पद ग्रहण करते ही किया नगर भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरवाई

बैरसिया से स्थानांतरित हो कर आए नवागत सीएमओ ने नगर परिषद कुरवाई मे कार्यभार ग्रहण कर लिया इसी के साथ जल भराव की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए सीएमओ जाहिद अली द्वारा नगर की निचली बस्तियों का मुआयना किया।

किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए कर्मचारियों को आवश्यक व्यवस्था बनाने हेतु निर्देशित किया । सीएमओ ने बताया कि नगर परिषद कुरवाई की नल जल योजना की मुख्य पाइपलाइन बेतवा नदी की धारा में बह गई। यह पाइपलाइन नए इंटकवेल से पुराने इंटकवेल तक डाली गई थी इस कारण से नगर की जलप्रदाय योजना पूरी तरह ठप हो गई है। इस योजना पर 13 करोड़ रुपए से अधिक खर्च हुए थे। निर्माण एजेंसी ने पाइपलाइन बिछाने, पानी की टंकियां, नया फिल्टर प्लांट, एनीकट और इंटकवेल का निर्माण किया था। इसके बावजूद पुराने इंटकवेल को जोड़ने के लिए डाली गई अतिरिक्त पाइपलाइन डाली गई थी वह तकनीकी कमी के कारण वह गई। इससे दोनों नल जल योजनाएं बंद हो गई हैं।

नगर परिषद ने मुनादी कर नागरिकों को जलप्रदाय बंद होने की जानकारी दें दी है। उन्होंने मीडिया से कहा कि नगर परिषद के संचालन में कई चुनौतियां हैं। पाइपलाइन सुधारने के लिए ठेकेदार को फोन पर सूचना दी गई है। बेतवा का पानी उतरने के बाद ही मरम्मत संभव होगी। तब तक नगर में वैकल्पिक जलप्रदाय की व्यवस्था की जाएगी।

**कार्यालय परिसमापक दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित भटखेडी जिला विदिशा**

पंजीयन क्रमांक - 570 दिनांक- 05/06/1998 दिनांक- 30/07/2025

// आमसभा की सूचना //

संस्था के सदस्यों को सूचित किया जाता हैं, कि दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित भटखेडी पंजीयन क्रमांक 570 दिनांक- 05/06/1998 को पुर्नजीवित करने की कार्यवाही को पूर्ण करने हेतु दिनांक- 16/08/2025 दिन शनिवार दोपहर 01:00 बजे दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित भटखेडी के कार्यालय में आम सभा का आयोजन किया गया है, इसमे आप सभी सम्मानीय सदस्य उपस्थित होने का कष्ट करे । संस्था के आमसभा में कोरम के आभाव में बैंठक आधा घंटे हेतु स्थगित कर पुनः प्रांरभ की जावेगी जिसमें कोरम की आवश्यकता नहीं होगी।

परिसमापक एवं व.स.नि.
दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित
भटखेडी

## सेमरा इशतमुरार व खेजड़ा के किसान खेतों तक नहीं पहुंच पा रहे, फसल पर संकट

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा खेत तालाब, हर साल बह जाती है पुलिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶कस्वा बागरोद

बागरोद क्षेत्र की ग्राम पंचायत दैयरपुर के अंतर्गत ग्राम सेमरा इशतमुरार में खेत तालाब योजना के तहत बना तालाब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है।

कागजों में तालाब जरूर बना दिखता है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि यह तालाब पहली ही बारिश में टूट जाता है। हालात इतने खराब हैं कि आज वहां तालाब जैसा कोई निशान भी नहीं बचा। किसानों का आरोप है कि तालाब केवल कागजों में था, धन निकासी के बाद वह उपेक्षित छोड़ दिया गया। स्थानीय किसान प्रदीप मालवीय और कैलाश मालवीय ने बताया कि तालाब की पार टूट जाने से वे अपने खेतों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। पंचायत द्वारा तालाब की पार पर बनाई गई कच्ची पुलिया भी हर साल बारिश में बह जाती है। इस बार की भारी बारिश में न तालाब बचा और न ही पुलिया।

सेमरा और खेजड़ा के किसान अब अपने खेतों में दवाई व खाद नहीं डाल पा रहे हैं। वहीं, आगामी फसल कटाई में भी भारी दिक्कतें आने की आशंका है। ग्रामीणों का कहना है कि वे हर बार अपने खर्चे पर रास्ते में मुरम और पत्थर डालकर अस्थायी पुलिया बनाते हैं। ग्राम सचिव प्रेम नारायण लोधी ने स्वीकार किया कि तालाब निर्माण में गंभीर खामियां रहीं। उन्होंने बताया कि समस्या को लेकर प्रस्ताव जिला पंचायत अध्यक्ष और विधायक को भेजे जा चुके हैं, लेकिन दो वर्षों से कोई कार्यवाही नहीं हुई। अब किसानों की मांग है कि खेत तालाब और पुलिया निर्माण की जांच हो और जल्द ही पक्की सड़क व पुलिया बनाई जाए, जिससे वे अपनी खेती-किसानी सुचारु रूप से कर सकें।

law.kbtgroup.in
E-PRAVESH CODE - INS3230
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबंद्धता, उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त एवं BCI से अनुमोदित
KUSHABHAU THAKRE COLLEGE
3 YEARS LLB (बैचलर ऑफ लॉ)
NH-146, Village Suakhedi Near Atarikhejda. Vidisha (M.P.)
ADMISSIONS OPEN

### जर्जर सड़क पर कार-बाइक हो रही हैं अचानक बंद, फंस रहे ट्रकों के पहिए

# करोड़ों की सड़क पर बने जानलेवा गहरे गड्ढे, वाहन चालक वाहन चलाने का मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बारिश के मौसम में सड़क बदहाल हो गई है। रायसेन से नरवर तक स्टेट हाईवे की इस सड़क की लंबाई 21 किमी है, जिसमें 2 हजार छोटे बड़े गड्ढे.उभर चुके हैं। सैकड़ों गड्ढे इतने खतरनाक हैं कि किसी की जान तक जा सकती है। एक से सवा फीट तक गहरे गड्ढों के कारण लोगों की जान हर रोज खतरे में पड़ रही है। मजबूरी में वाहन चालक अपनी जान जोखिम में डालकर वाहन चलाने को विवश है।

सागर-भोपाल स्टेट हाइवे की सड़क राज्य सरकार ने साल 2016 में करीब 35.88 करोड़ रुपए से बनवाया थी, लेकिन रख-रखाव नहीं होने के कारण अवधि खत्म होने से पहले ही पूरी सड़क खत्म हो चुकी है। हर दिन जाम, गड्ढों में फंसे हुए वाहन और हादसों के खतरे की वजह से लोगों ने अब कार, बाइक से इस सड़क पर चलते चलते बंद हो जाती है।

### बारिश में गड्ढों में पानी भरने से ट्रकों के पहिए धंस रहे

दूर-दूर तक सड़क नहीं सिर्फ गड्ढे दिखते है। आए दिन वाहनों मालवाहक वाहनों के पहिए फंस रहे हैं।

हरिभूमि समाचार की टीम ने मौके पर जाकर सड़क की स्थिति देखी तो असलियत सामने आई। सागर-भोपाल स्टेट हाईवे सड़क की नरवर तक लंबाई 21 किमी है, जिसमें 2 हजार छोटे-बड़े गड्ढे हैं। करीब 100 इतने खतरनाक है कि किसी की जान तक ले सकते हैं।

इस दौरान स्टेट हाईवे की ओर से रायसेन की तरफ आने वाले भारी वाहन के पहिए गड्ढों में फंसे हुए नजर आए। इस वजह से करीब 18 ट्रकों की लंबी लाइन लग गई थी। घंटों लंबा जाम लगा रहा। लोगों ने बताया कि हर दिन ऐसा ही नजारा रहता है।

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा फोरलेन सड़क का चौड़ीकरण

इधर लोनिवि द्वारा शहर में लगभग 23 करोड़ रुपये की लागत से गोपालपुर बायपास जोड़ से लेकर खरगावली पुलिया तक करीब साढ़े 7 किमी की फोरलेन सड़क की सड़क बदहाल। सड़क ठेकेदार जिंदल सड़क कंटेक्शन कंपनी हरियाणा के ठेकेदार, तत्कालीन पीडब्ल्यूडी के ईई किशन वर्मा की गठजोड़ से घटिया फोरलेन सड़क का निर्माण किया गया था, जिसकी पहली बारिश में ही पोल खुल गई थी।





### सड़क चौड़ीकरण के घटिया निर्माण को लेकर रायसेन जिला विकास समिति ने किया अनोखा विरोध प्रदर्शन

*रायसेन विकास समिति द्वारा बरसते पानी में सड़क के गड्ढे में की धान रोपाई। रायसेन नगर में हुआ फोरलेन सड़क चौड़ीकरण का घटिया निर्माण को लेकर रायसेन जिला विकास समिति के पदाधिकारी ने एक अनूठा विरोध प्रदर्शन किया। नगर के हनुमान मंदिर पाटनदेव के सामने सड़क चौड़ीकरण के घटिया निर्माण पर हुए गड्ढों में धान रोपाई की गई। रायसेन जिला विकास समिति के सदस्यों का कहना है कि रायसेन नगर में सड़क चौड़ीकरण का घटिया निर्माण हुआ है। समिति ने मांग की है कि इस सड़क के ठेकेदार को ब्लैक लिस्टटेड जाए एवं पैसों की वसूली की जाए। गोपालपुर से लेकर खारगावली तक एवं रायसेन तिराहे से लेकर दरगाह सड़क चौड़ीकरण का निर्माण किया गया है। यह दोनों सड़कों की लागत लगभग 52 करोड़ की बताई जा रही है। इस अवसर पर जिला विकास समिति के अध्यक्ष हरीश मिश्रा प्रवक्ता, अमित ठाकुर, पीके चावला, तिलक शाक्या, नीलेंद्र मिश्रा आदि शामिल रहे।*

#### इनका कहना है

जल्द ही गड्ढों में तब्दील हुई फोरलेन सड़क चौड़ीकरण में पेंचवर्क कराया जाकर सुधार कार्य किया जाएगा। चिंता की कोई बात नहीं है।

**- बीके सूत्रकार,** पीडब्लूडी ईई रायसेन।

---

**विधायक पटेल ने विधानसभा में उठाया**

## सिलवानी सिविल अस्पताल के घटिया निर्माण का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल ने विधानसभा में प्रश्न काल के द्वारा सिलवानी में बनी अस्पताल बिल्डिंग का मुद्दा उठाया और सरकार के मंत्री से पूछा कि अधूरी बनी बिल्डिंग कैसे हुई विभाग के हैंडओवर।



बुधवार को मध्यप्रदेश विधानसभा में विधायक देवेन्द्र पटेल ने सिविल अस्पताल भवन सिलवानी के अधूरे और घटिया निर्माण का मामला उठाया।

उन्होंने कहा कि अधूरी बनी बिल्डिंग जिसको बीएमओ ने हैंडओवर लेने से मना कर दिया था, उसको तत्कालीन सीएमएचओ ने कैसे विभाग के हैंडओवर करवा दिया और काम को पूर्ण बता दिया। उन्होंने कहा कि सिलवानी बीएमओ ने तकनीकी अधिकारियों के साथ निरीक्षण करके 20 अधूरे कामों को पूरा करने की मांग की थी जिनकी लागत तीन करोड़ 11 लाख है, यदि इसी राशि को स्वीकृत कर दिया जाए तो अस्पताल चालू होने की स्थिति में हो जाएगी।

विधायक पटेल ने कहा कि यदि अधूरे पड़े काम पूरे नहीं होंगे तो आठ करोड़ 31 लाख की लागत से बनी यह बिल्डिंग गिरने लगेगी। उन्होंने इस भवन के घटिया निर्माण की जांच की भी मांग की।

◆ जबाव में मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा -

**तकनीकी अधिकारियों की कमेटी बना दी है, जांच रिपोर्ट के बाद ठेकेदार के खिलाफ होगी कार्रवाई**

उत्तर देते हुए स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि भवन बनकर तैयार है। जरूरी फर्नीचर व उपकरण लगाए जा रहे है और शीघ्र ही इस भवन में अस्पताल चालू हो जाएगा। जहां तक घटिया निर्माण की बात है तो इसके लिए तकनीकी अधिकारियों की एक कमेटी बना दी गई है, जांच दल की रिपोर्ट मिलने के बाद ठेकेदार के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। विधायक जी जिस 3 करोड़ 11 लाख के अतिरिक्त निर्माण कार्य के प्राक्कलन को स्वीकृत करने की बात कर रहे हैं उसका भी परीक्षण कराकर जरूरी होने पर स्वीकृत कर दिया जाएगा।

---

**खबर संक्षेप**

### दूसरे दिन मिला बाढ़ में बहे नाबालिग का शव

**रायसेन।** शहर के वार्ड 1 नरापुरा बायपास स्थित श्रीकृष्ण गौशाला के पास बने नाले की पुलिया में तेज बहाव से मंगलवार को नरापुरा मोहल्ले के दो युवक और एक नाबालिग बह गए थे। इनमें से दो युवक आदि कुशवाहा, कृष्णा कुशवाहा पेड़ की टहनी पकड़कर किसी तरह नाले से बाहर निकल आए। लेकिन नाबालिग 14 वर्षीय धर्मेंद्र कुशवाहा नाले के बहाव में बहने से डूब गया था। एनडीआरएफ और गोताखोरों की टीम द्वारा सर्चिंग कर बुधवार दूसरे दिन नाबालिग बच्चे का शव नाले से करीब 400 मीटर आगे कटीली झाड़ियों में फंसा मिला।



### लोगों को पौधा वितरण कर दिया हरियाली का संदेश



**बाड़ी।** बकतरा रोड़ स्थित कृषि सेवा केंद्र का शुभारंभ के अवसर मुकेश चौहान ने नवाचार करते हुए 500 लोगों को पौधे देकर उन्हें हरियाली का संदेश दिया। जिसकी नगर में काफी प्रशंसा हो रही है।

---

## दो दिनों से बारदाना खत्म, मूंग तुलाई के इंतजार में बैठे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

एमपी अजब गजब है...यह कहावत जिले के किशनपुर स्थित दिव्या, शिव वेयरहाउस में मूंग तुलाई में फैली अव्यवस्था के दौरान सामने आई। जब हरिभूमि टीम इन वेयर हाउस पर पहुंची तो किसानों ने अपनी पीड़ा सुनाई।

किसानों ने बताया कि दो दिनों से बाहर जाना खत्म हो गया है। किसान इस बारिश के मौसम में बाहर जाने का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मूंग खरीदी में स्थानीय भाजपा नेताओं की मिलीभगत आम है। यहां बताया जाता है कि यूपी के अनाज व्यापारियों की लोकल किसानों की ट्रैक्टर ट्रालियों में भरकर तो लाइनों में जा रही है।



रायसेन गैरतगंज तहसील के किसान खड़े अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सर्वेयर से लेकर वेयरहाउस मालिक और तौल प्रभारी सब बगैर भेंट पूजा के उनकी मूंग की तलाई नहीं करते। किसानों की मूंग तुलाई में हम्माल ढाई किलो प्रति कट्टी कटौती और वेयर हाउस मालिक भी मूंग की कटती कर रहे हैं। इस तरह किसान समर्थन मूल्य पर मूंग तुलाई की लूटमार मची हुई है।

---

**बौरास-नर्मदा, तेदौनी नदी के पुल पानी में डूबे, यातायात ठप**

## नर्मदा मैया समेत क्षेत्र की सभी नदियों में बनी बाढ़ की स्थिति

**क्षेत्र के कई ग्रामीण मार्गो पर यातायात बंद, गांव बने टापू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पिछले तीन दिनों से संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश से नर्मदा मैया, बारना, तेदौनी, इक्यावन, घोघरा नदियों के साथ ग्रामीण क्षेत्र के दर्जनों नालों में बाढ़ की स्थिति बन जाने से पुल-पुलियों पर पानी आ जाने से आवागमन बंद हो जाने से ग्रामीणों एवं नगरवासियों क परेशानियां बढ़ गई है।

उदयपुरा-गाडरवारा मार्ग पर बौरास का नर्मदा पुल दो दिनों से पानी में डूबा हुआ है। इसी प्रकार बरेली-पिपरिया मार्ग पर ग्राम बाग पिपरिया के पास तेदौनी नदी का पुल दूसरे दिन भी पानी में डूबा रहने से यातायात बंद रहा। मांगरोल सिवनी नर्मदा पुल से लगकर पानी चल रहा है। कभी भी पुल पर पानी आ जाने की संभावना बनी हुई है।



पुलियों, रपटों पर आया पानी- ग्रामीण क्षेत्र के लगभग एक दर्जन मार्गो पर बने पुल-पुलियों और रपटों पर लगातार बारिश के कारण पानी आ जाने से मार्गो पर आवागमन बंद प्रभावित दूसरे दिन बुधवार कोभी बना रहा। बरेली-चैनपुर मार्ग से जुडे एक दर्ज से अधिक ग्रामों के ग्रामीण परेशान बने हुए है।

इसी प्रकार बरेली कामतोन, गुरारिया मर्गधा मार्ग, मांगरोल मार्ग, बाग पिपरिया उंटिया छबारा, छातैर मार्ग एवं बरेली पिपरिया मार्ग पर तेदौनी पुल दो दिनों से पानी में डूबा रहने से सर्वाधिक निकट पिपरिया रेल्वें स्टेशन और दर्जनों ग्रामों का सडक़ संपर्क, यात्री बसों वाहनों का आवागमन रूका हुआ है। क्षेत्र के दर्जनों ग्राम पुल-पुलियों, रपटों पर पानी आ जाने से टापू बन गए। इसी के साथ ग्रामीणों किसानों की परेशानियां भी बढ़ गई है।

---

## बारिश से भरभरा कर गिरी कच्चे घर की दीवारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

24 घंटे से लगातार बारिश के कारण कई गरीब व्यक्तियों के घर की दीवारे गिर चुकी है, जिससे गरीबों को काफी नुकसान हुआ है।

मंगलवार-बुधवार देर रात दीवानगंज के पड़ाव मोहल्ले में रहने वाली बेगम बी पति स्व. इसरायल खान के घर की दीवार भरभरा कर गिर गई। गनीमत रही की दीवार बाहर की साइड गिरी जिससे घरवालों को कोई ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। वहीं दीवानगंज के कोरी मोहल्ला निवासी शंभूदयाल शाक्या की कच्चे घर की दीवार भी गई। साथ ही नायक मोहल्ला निवासी लालू नायक की कच्चे घर की दीवार देर रात गिर गई।




24 घंटे की बारिश में ही क्षेत्र में कच्चे घरों का गिरना प्रारंभ हो गया है। बारिश के मौसम में कच्ची दीवारों में सीड़न आने लगती है जिससे कच्चे घर गिरना प्रारंभ हो जाते हैं। लगातार हो रही बारिश के मौसम में कच्चे मकान में रहने वाले व्यक्तियों की मुसीबतें बढ़ गई है।

---

## कलेक्टर-एसपी ने बाढ़ राहत शिविरों में देखी भोजन, पानी की व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा व एसपी पंकज पाण्डे द्वारा बुधवार को बरेली और रायसेन में अतिवृष्टि और जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों तथा राहत शिविरों का निरीक्षण किया।

कलेक्टर व एसपी द्वारा रायसेन स्थित वन परिसर में बनाए गए राहत शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां भोजन, पानी, स्वास्थ्य आदि व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।



साथ ही प्रभावित लोगों से भी चर्चा की। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा तथा एसपी श्री पाण्डे द्वारा बरेली नगर का भी भ्रमण किया गया।

---

## नशे से दूरी है जरूरी अभियान का हुआ समापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

15 जुलाई से चलाए गए नशे से दूरी है जरूरी विशेष जनजागरूकता अभियान का 30 जुलाई को समापन हुआ। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित समापन कार्यक्रम में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने कहा कि समाज को नशामुक्त बनाने शासन द्वारा अनेक अभियान व जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रहीं हैं।

अभियान के तहत जिले में स्कूल, कॉलेज, सार्वजनिक स्थलों पर विभिन्न गतिविधियों से नागरिकों को नशे के दुष्परिणाम बताते हुए नशे का त्याग करने और नशामुक्त समाज बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। एसपी पंकज पांडे ने बताया अभियान में 15 से 30 जुलाई तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई थी।

---

**नर्मदा क्षेत्र में तीन दिनों से लगातार बारिश से नदियों में बाढ़ के हालात**

गांवों, नगर के निचले हिस्सों में दूसरे दिन भी जल भराव की स्थिति

## बाढ़ पीड़ितों से नाव में सवार होकर मिलने पहुंचे मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

◆ बारना बांध के गेट खुले, नर्मदा नदी का बढ़ा जलस्तर

सोमवार से संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में निरंतर भारी बारिश बारना बांध के गेट खोले जाने और नर्मदा मैया का जल स्तर बढऩे से नर्मदा क्षेत्र के नदी नालों में बाढ़ की स्थिति बनने के साथ नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र, नर्मदा मैया के किनारे बसे ग्रामों के निचले हिस्सों में जल भराव से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

बुधवार को बारिश का जोर कमजोर तो हुआ परंतु नर्मदा क्षेत्र के अनेक ग्राम टापू बने नजर आने लगे है। क्षेत्र के विधायक और प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल अधिकारियों के साथ नाव में सवार होकर जल भराव क्षेत्र का भ्रमण किया। पीड़ितों को मदद व राहत का भरोसा दिया।

लगातार हुई बारिश एवं बारना बांध के गेट मंगलवार को खोले जाने के बाद नगर से लगी घोघरा नदी का पानी बहना रूक जाने के साथ नगर के निचले हिस्सों नदी रोड़, हौली चौक, हरिजन मोहल्ला क्षेत्र में भर जाने की परेशानियों भरी स्थिति बन गई। घोघरा नदी का पानी, बारना, नर्मदा में बाढ़ के कारण घोघरा नदी का बहाव रूकजाने से नगर के निचले हिस्सों में दूसरे दिन जल भराव के कारण परेशानियां बनी रही। नपं. और स्थानीय प्रशासन द्वारा 40-45 प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर ठहरा कर भोजन इत्यादि की व्यवस्था की जा रही है।



### नाव में बैठकर राज्यमंत्री ने किया प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण

*घोघरा नदी का पनी अपने तटबंद्ध छोड कर नगर के निचले हिस्सों में पानी भर जानेसे परिवारों की परेशानियां बढ़ गई। जिन घरों में पानी भरा उन्हें दूसरे स्थानों पर शिफ्ट किया गया। सैकड़ो परिवार मकानों के नीचे पानी भर जाने की स्थिति के बाद भी मकानों की छतों, ऊपरी हिस्सों में विभिन्न परेशानियों के बीच निवास करने, आवागमन के लिए परेशानियां झेल रहे है। नदी रोड हौली चौक, नरसिंह टेकरी मंदिर, ईदगाह के आसपास दशकों से घोघरा नदी का पानी भरने की स्थिति बनने के कारण अधिकांश मकानों को अत्याधिक उंचा बनाया गया है। राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, एसडीएम संतोष मुदगल और सुरक्षाकर्मियों के साथ पानी से भरे क्षेत्र का नाव में बैठ कर दौरा किया। हाल चाल जाना और घरों की छतों पर आए महिला, पुरूषों को मदद का भरोसा दिया।*

### राज्यमंत्री पटेल जल भराव प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचे, दिया मदद का भरोसा

**बरेली।** पिछले दो दिनों से नगर के निचले हिस्सों में घोघरा नदी का जल भराव बना हुआ है। नदी रोड, हौली चौक, हरिजन मोहल्ला, नरसिंह टेकरी, ईदगाह के आसपास जल भराव वाले क्षेत्र के परिवारों को नगर के स्कूलों, छात्रावासों, अम्बेडकर भवन सुरक्षित स्थानों पर नपं. एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा शिफ्ट किया है। जहॉ प्रभावितों के भोजन की व्यवस्था की जा रही है।

**प्रभावितों केबीच पहुंचे राज्यमंत्री पटेल :** बुधवार को नगर के जिन स्थानों पर जल भराव प्रभावित परिवारों को ठहराया गया है। राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने एसडीएम संतोष मुदगल, एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती एवं अन्यों के साथ दौरा किया। स्कूलों, छात्रावासों में ठहरे परिवारां का हाल चाल जना और स्थिति सामान्य होने तक मदद का भरोसा दिया। कहा कि जो नुकसान हुआ है। उसका सर्वे करवा कर मदद की जाएगी।